


# एनजीटी के नियमों को ताक में रखकर हनुमना क्षेत्र में अवैध उत्खनन

## पत्थर-पटिया का यूपी-बिहार हो रहा परिवहन, दर्जनों गांवों में अवैध खदानें, पर्यावरण नियमों का उल्लंघन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 24 फरवरी, मऊगंज जिले के हनुमना क्षेत्र में खनिज का अवैध उत्खनन और परिवहन प्रशासन व सत्ता के गठजोड़ में चल रहा है. एनजीटी के आदेशों को धता बताकर खनन माफिया लगातार अवैध उत्खनन कर रहे है. शिकायत के बाद जांच के नाम पर फाइले बंद कर दी जाती है. अवैध उत्खनन और परिवहन से शासन के राजस्व का नुकसान हो रहा है.**

हनुमना क्षेत्र के लोढ़ी सहित दर्जनों गांवों में सैकड़ों अवैध खदानों का बड़ा नेटवर्क सामने आया है, जहां पहाड़ों को चीरकर पत्थर की चीप, पटिया और ढोका का कारोबार खुलेआम चल रहा है. पूरे जंगल और पहाड़ों को छलनी करके पत्थरों को



चीरकर नेस्तनाबूत कर दिया गया है. जहां देखो चारों तरफ उजड़े पहाड़ और बिखरते जंगल में सिर्फ खाई और गड्ढे, चट्टानों को तोड़कर पत्थर की पटिया और ढोका का काला कारोबार धड़ल्ले से फल फूल रहा है. भारी मशीनों से पहाड़ों को काटकर पत्थर निकाला जा रहा है और ट्रकों में भरकर उत्तर प्रदेश और बिहार तक भेजा जा रहा है. यह पूरा खेल अंतरराज्यीय नेटवर्क के जरिए संचालित होने की बात सामने आ रही है. हैरानी की बात यह है कि खनन माफिया इतने बेखौफ हैं कि उन्हें न प्रशासन का डर है और न ही कानून का खौफ. ग्रामीणों में दहशत का माहौल है, वन विभाग का अमला दबाव में बताया जा रहा है और खनिज विभाग की चुप्पी कई बड़े सवाल खड़े कर रही है. खुलेआम राजस्व एवं वन भूमि में अवैध खदाने बिना रोकटोक के चल रही है. इससे साफ होता है कि अवैध खनन का संगठित खेल चल रहा है सबसे बड़ा सवाल यह है कि हनुमना क्षेत्र में बिना अनुमति चल रही इन सैकड़ों खदानों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही. सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभागों की कार्रवाई कागजों तक सीमित नजर आती है.

### कमिश्नर से शिकायत के बाद भी कुछ नहीं

अवैध खनन के मामले मे अधिवक्ता बीके माला ने इस गंभीर मुद्दे की शिकायत मऊगंज कलेक्टर से लेकर रीवा संभाग के आयुक्त तक की है. शिकायत में आरोप लगाया गया है कि क्षेत्र में बिना अनुमति बड़े पैमाने पर पत्थर का उत्खनन किया जा रहा है, जिससे शासन को राजस्व की भारी क्षति हो रही है और पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है. बीके माला का कहना है कि कई बार शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार विभाग ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे, जिससे खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं. उन्होंने प्रशासन से अवैध खदानों की तत्काल जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है. यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो यह मामला और बड़ा रूप ले सकता है.



# सड़क निर्माण के लिये दंडवत परिक्रमा करते जनसुनवाई में पहुंचा युवक

नवभारत न्यूज

**रीवा, 24 फरवरी, सड़क निर्माण के लिए पहले ज्ञापन की माला, फिर भोपाल की पदयात्रा, अब सड़क पर लेट के दंडवत होकर युवक कलेक्ट्रेट कार्यालय जनसुनवाई में पहुंचा है. अधूरे सड़क-पुल निर्माण का कार्य कराये जाने की गुहार लगाई.**

मंगलवार को जनसुनवाई में 93 आवेदन पहुंचे. समस्याओं का निराकरण न होने से बार-बार लोग समस्या लेकर पहुंचते है. जनसुनवाई में एक अनोखा मामला सामने आया. युवक लेटते हुए समस्या बताने पहुंचा. जिले के जवा तहसील क्षेत्र और सिरमौर विधानसभा अंतर्गत ग्राम गाढ़ा 138 का एक युवक लगातार सड़क निर्माण की मांग को लेकर तरह-तरह से प्रदर्शन कर रहा है और शासन प्रशासन सहित मुख्यमंत्री तक अपनी गोहार लगा चुका है. लेकिन उसकी सुनवाई ना तो जिला स्तर पर हो रही ना ही संभाग स्तर पर और ना ही प्रदेश स्तर पर क्षेत्रीय विधायक भी पूरी तरह से अनदेखा करके बैठे हैं. इस पूरे मामले को लेकर जवा तहसील और सिरमौर विधानसभा क्षेत्र के गाढ़ा 138 गांव निवासी धनेश सोनकर आज सड़क पर लेट कर दंडवत होते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय जनसुनवाई में एक बार फिर अपनी समस्या लेकर पहुंचा. धनेश सोनकर ने बताया कि उसके यहां वर्ष 2022 में एक करोड़ 11 लाख 15 हजार रुपए सड़क निर्माण के लिए मंजूर हुए थे. जिसमें से आधी सड़क का निर्माण किया गया जबकि आधी सड़क छोड़ दी गई जिससे गांव में रहने वाले लोगों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और बारिश के दिनों में ग्रामीण पूरी तरह से गांव के अंदर ही बंधक बन जाते है. आज जिस तरह से जमीन में लेट कर दंडवत होते हुए धनेश सोनकर अपनी मांग लेकर कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई में पहुंचा तो लोग उसे देखते रह गये.

## संक्षिप्त



### साइकिल से कमिश्नर पहुंचे कार्यालय

**रीवा,** पर्यावरण की सुरक्षा तथा स्वयं की स्वास्थ्य रक्षा के उद्देश्य से सप्ताह में मंगलवार के दिन कमिश्नर बीएस जामोद की पहल पर अधिकारी और कर्मचारी साइकिल से कार्यालय पहुंच रहे हैं. यह क्रम लगातार बना हुआ है. सुमंगल साइकिल दिवस पर कमिश्नर और अन्य अधिकारी साइकिल से कमिश्नर कार्यालय पहुंचे. कमिश्नर के साथ संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, खनिज अधिकारी बसंतराम, सहायक यंत्री संजीव कालरा अन्य संभागीय अधिकारी तथा कमिश्नर कार्यालय के कर्मचारी भी साइकिल से कार्यालय पहुंचे. जबकि संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी एवं उपायुक्त एलएल अहिरवार ई-ऑटो से कार्यालय पहुंचे.

### डीएलसीसी की बैठक आज

**रीवा,** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक 25 फरवरी को शाम 4 बजे आयोजित की गई है. कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में विभागीय अधिकारियों एवं बैंकर्स को उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं.



### पीटीएस में फायरिंग परीक्षा की शुरूआत

**रीवा,** पुलिस प्रशिक्षण शाला रीवा में पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र कुमार जैन के नेतृत्व में, 93 वां नव आरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र 2025- 26 के प्रशिक्षणार्थियों के द्वितीय सेमेस्टर फायरिंग की परीक्षा 24 फरवरी से पीटीएस परिसर स्थित फायरिंग रेंज में प्रारंभ की गई. प्रथम दिवस मंगलवार को 38 रिवॉल्वर की फायरिंग संपन्न कराई गई. कुल 239 प्रशिक्षणार्थियों ने इस परीक्षा में भाग लिया. प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी ने रिवॉल्वर से 15-15 राउंड फायरिंग किया. फायरिंग में पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार 05 राउंड ज़ीरोइंग, 05 राउंड एप्लीकेशन एवं 05 राउंड स्नैप शूटिंग कराई गई. इस दौरान परीक्षा समिति के सदस्य उप पुलिस अधीक्षक सत्य प्रकाश मिश्रा, निरीक्षक विनोद सिंह, उपनिरीक्षक महेंद्र बघेल, उपनिरीक्षक राजेंद्र वाजपेई एवं पीटीएस के ड्रिल इंस्ट्रक्टर उपस्थित रहे.

### रोजगार मेला टीआरएस कॉलेज में आज

**रीवा,** युवा संगम कार्यक्रम के तहत टी.आर.एस. कॉलेज रीवा में 25 फरवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा. रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मेला के आयोजन के लिये विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं. रोजगार मेले में 44 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा. मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है. वेतन एवं भत्ते 7000 रुपए से 35 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है. वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा. युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा.

### शिविर में सम्पत्तिकर कराया गया जमा

**रीवा,** नगर निगम द्वारा सम्पत्तिकर को लेकर लगातार वार्डो में शिविर लगाकर सम्पत्तिकर की राशि जमा कराई जा रही है. वार्ड 26 के लिए प्रधानमंत्री आवास ललपा में शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में कॉलोनी वैधीकरण प्रक्रिया के तहत राशि 40150 रू., सम्पत्तिकर बकाया राशि 106664 रू. एवं जलकर बकाया राशि 163010 रू. जमा कराया गया. गौरतलब है कि शिविर का वार्डवार निरंतर आयोजन किया जाना है. नगर निगम द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष में आवासीय घरों पर सम्पत्तिकर में 50 प्रतिशत का छूट दिया जा रहा है. इन शिविरों के माध्यम से आमजनता के नगर निगम के बकाया करों का भुगतान सरलता से कर सकती है. नगर निगम द्वारा अपील किया गया है नगरवासी शिविर में पधारकर शिविर का लाभ अवश्य उठाएं एवं नगर निगम के करों का भुगतान कर नगर विकास में सहभागी बनें.

# कलेक्टर ने 68 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया नोटिस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 24 फरवरी, कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने नईगढ़ी परियोजना की 68 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ को पद से पृथक करने का नोटिस दिया है.**

विभागीय समीक्षा बैठक में लाड़ली लक्ष्मी योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के वार्षिक लक्ष्य की पूर्ति न करने एवं विभागीय कार्यक्रमों में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को नोटिस जारी किया गया है. जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास आशीष द्विवेदी ने बताया कि अकौरी 1, अकौरी 2, भीर 1, भीर 2, भीर 3, भीर 4, जरकटी रामशरण, तेंदुआ, कशियार गॉव 1, दुबहा मिनी, नकटा, बहेरा कोठार, सिगटी कला, बंधवा भाईवाट 1, बंधवा भाईवाट 2, जमुहरा, शाह, बर्रोहा 1, सिगटी नानकार, बर्रोहा 3, वार्ड 10, वार्ड 15, सुमेदा खुर्द, चमढिया, वार्ड 14, डाड़ी करण सिंह, करह 2, माड़ौ 1, माड़ौ 2, नदहा खुर्द, फूलकरण सिंह 1, छुहिया, शिवराजपुर 3, शिवराजपुर 1, शाहपुर 2, परसिया मुड़हान, पथरौड़ा कला, डिहिया 2, छिउलिहा, मड़ना 2, मड़ना 4, सुअरहा, मनकुआ, गेरुआरी पड़ान, उमरिया चैवान, गोंदरी, मड़ना 3, तिवरिगवॉ फुलैहार, जुड़मनिया रघुनाथ, सेनुआ 2, डिहिया पड़ान 2, बुड़वा मामला, हकरिया 2, बहेरा, हंडिया 2, नीवी 538, भदावल 1, छदनहाई, बदौआ 662, डाड़ी कला, गढ़वा लखन खोरिहान, डीही कोठार, बैजला 1, बैजला 2, खैरहाई आदि शामिल है.



# जिला मुख्यालय में आयोजित होंगी संभाग स्तरीय टीएल बैठक : जामोद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 24 फरवरी, कमिश्नर बीएस जामोद की अध्यक्षता में संपन्न साप्ताहिक संभागीय टीएल बैठक में सीएम हेल्पलाइन, ई आफिस, संकल्प से समाधान एवं पेंशन भुगतान सहित अन्य विषयों की विस्तार से समीक्षा की गई.**

कमिश्नर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय सीमा में प्रस्तुत आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करें. यह ध्यान रखा जाए कि कोई भी प्रकरण समय सीमा से बाह्य न हो. उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय में भी संभाग स्तरीय टीएल बैठक का आयोजन किया जाएगा ताकि संभाग स्तरीय प्रकरणों का जिला स्तर में मौके पर ही निराकरण हो सके. कमिश्नर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन में सौ दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का 15 मार्च तक अनिवार्यत: शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाए. उन्होंने संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि इस अभियान में संभाग की प्रगति काफी अच्छी है. जो जिले निचले पायदान में हैं वह प्रगति कर ऊपर आएं और लंबित आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करें. उन्होंने ग्रामीण एकल नलजल योजना, धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं वनाधिकार में प्रगति लाने के निर्देश दिए. बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, उपायुक्त राजस्व मौजूद रहे.

### सात माह से नहीं मिला वेतन

**रीवा, 24 फरवरी,** विगत 7 माह से वेतन भुगतान न होने के कारण आज आउटसोर्स मल्टी वर्कर ग्रुप डी एवं वृत्त आउटसोर्स कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन पत्र सोपा है. ज्ञापन सौपने पहुंचे कर्मचारियों ने बताया कि हम लोग सिविल अस्पताल सिमरिया के मल्टी वर्कर ग्रुप डी आउटसोर्स कर्मचारी हैं. कर्मचारियों ने बताया कि उन लोगों को विगत 7 माह से वेतन नहीं दिया जा रहा है जिससे हम लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है.

# जटिल स्थिति में किया सफल पेसमेकर प्रत्यारोपण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 24 फरवरी, सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में ह्मदय रोग विभाग के विशेषज्ञों ने एक बार फिर अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है.**



वरिष्ठ ह्मदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेंद्र कुमार तिवारी और उनकी टीम ने एक मरीज के शरीर में दुर्लभ स्थिति होने के बावजूद सफलतापूर्वक पेसमेकर इम्प्लांट कर नया जीवन दिया है. उल्लेखनीय है कि अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग में आए इस चुनौतीपूर्ण प्रकरण में मरीज की जन्मजात शारीरिक बनावट सामान्य से अलग थी. सामान्यत: पेसमेकर की लीड दाईं ओर की नस से डाली जाती है, लेकिन मरीज में 'लेफ्ट सुपीरियर वेना कावा' होने के कारण यह प्रक्रिया तकनीकी रूप से अत्यंत जटिल थी. डॉ. तिवारी ने अत्याधुनिक कैथ लैब की मदद से इस जटिल एनाटॉमी को समझते हुए बेहद बारीकी से पेसमेकर प्रत्यारोपित किया.

# गुणवत्ताहीन नाली निर्माण पर ठेकेदार को थमाया नोटिस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 24 फरवरी, शहर के वार्ड क्रमांक 16 स्थित पीके स्कूल के पीछे नाली निर्माण कार्य में गुणवत्ताहीन कार्य की प्राप्त शिकायत पर निगम टीम द्वारा मौके का निरीक्षण किया गया.**



निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सेंट्रिंग कार्य के स्थान पर मानकों के विपरीत लकड़ी की फर्दी सामग्री का उपयोग किया जा रहा था. मामले को गंभीरता से लेते हुए निगम अमले द्वारा मौके पर ही संबंधित निर्माण कार्य को रुकवाया गया तथा त्रुटिपूर्ण हिस्से को तुड़वाया गया. इसके साथ ही निगम आयुक्त ने संबंधित संविदाकार को नोटिस जारी कर नियमानुसार जुर्माना लगाए जाने के निर्देश दिए. निगम आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि नगर क्षेत्र में किसी भी प्रकार का गुणवत्ताहीन अथवा मानकविहीन निर्माण स्वीकार नहीं किया जाएगा.

सभी निर्माण कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों एवं गुणवत्ता के अनुरूप ही किए जाएं, अन्यथा कठोर कार्रवाई की सुनिश्चित की जाए. इसके अतिरिक्त वार्ड 11 में सड़क के ऊपर चबूतरे का निर्माण कर लिया गया था जिसे हटाने की कार्रवाई की गई.

# प्रशासन तक अपनी मांग रखने भाजपा का सांकेतिक प्रदर्शन

## दूसरे तरफ प्रदर्शनकारी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 24 फरवरी, मऊगंज में राज्यपाल के आगमन के पहले मंगलवार को दो धरना प्रदर्शन हुए. जहा एक ओर कलेक्ट्रेट के सामने भाजपाईयों ने धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा. वही दूसरी तरफ क्षेत्रीय मुद्दे एवं कलेक्टर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने वालो को सलाखो के पीछे भेज दिया गया. बगैर अनुमति के धरना देने पर यह कार्यवाही की गई.**

जबकि भाजपाईयों के खिलाफ कोई एक्शन इस लिये नही लिया गया कि उनके द्वारा अनुमति ली गई थी. दरअसल सरकार और प्रशासन की कमियों को लेकर लगातार सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं कांग्रेस द्वारा आवाज बुलंद की जा रही है. साथ ही कांग्रेस ने बड़े आंदोलन की चेतावनी भी दी है. भाजपा कार्यकर्ताओ ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट के बाहर धरना प्रदर्शन किया. जिसमें कहा गया कि आसमाजिक तत्वों द्वारा शासन-प्रशासन को बदनाम किया जा रहा है और लगातार आपत्ति जनक टिप्पणी की जा रही है, जिसके विरोध में यह प्रदर्शन है.



भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र मिश्रा सहित राहुल गौतम आदि नेता विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए और कार्यवाही की मांग की. अब सवाल यह उठता है कि ऐसी क्या मजबूरी है कि जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सांकेतिक घेराव प्रदर्शन करना पड़ा. सत्ता सरकार भाजपा की है तो फिर घेराव करने की आवश्यकता क्यो पड़ी. पार्टी फोरम में भी बात उठाई जा सकती थी. सवाल यह है कि जब सत्ताधारी दल के पदाधिकारियों को अपनी बात रखने प्रदर्शन करना पड़ रहा है तो आम आदमी की स्थित क्या होगी.

### दोहरा मापदण्ड अपनाने का आरोप

सामाजिक कार्यकर्ता प्रशासनिक व्यवस्था और कलेक्टर के खिलाफ लगातार विरोध कर रहे है. जनपद कार्यालय के सामने शहीद स्मारक के पास काली पट्टी बांध कर धरना देने मुद्रिका त्रिपाठी, रामेश्वर गुप्ता आदि पहुंचे. जिन्हे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया. इसके पीछे बताया गया है कि बगैर अनुमति के धरना दिया जा रहा था. दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप है.

### कमिश्नर ने की जनसुनवाई

**रीवा, 24 फरवरी,** कमिश्नर बीएस जामोद ने कमिश्नर कार्यालय में जनसुनवाई करते हुए आवेदकों की समस्याएं सुनी तथा संबंधित प्रकरणों में विभागीय अधिकारियों को समाधानकारक कार्यवाही करने के निर्देश दिए. उन्होंने शंकर सिंह, कमला शुक्ला, इन्द्रभान पटेल, बृजेन्द्रमणि त्रिपाठी एवं सत्यप्रकाश सहित अन्य आवेदकों की संबल योजना, वेतन भुगतान, अनुकंपा नियुक्ति, सीमांकन एवं खसरे में जमीन स्थानांतरण से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई करते हुए अधिकारियों को कार्यवाही के निर्देश दिए.

# सम्पत्तिकर में छूट के लिये विशेष टैक्स शिविर ननि कार्यालय में आज

नवभारत न्यूज

**रीवा, 24 फरवरी, वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति को देखते हुए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम, रीवा द्वारा 25 फरवरी को निगम टाउन हॉल एवं जोन कार्यालयों में एक विशेष कर संग्रहण शिविर का आयोजन किया जा रहा है.**

शिविर में नगरवासियों द्वारा बकाया कर की जानकारी प्राप्त की जा सकेगी, सम्पत्तिकर एवं अन्य कर जमा किया जा सकेगा, रिकार्ड में त्रुटियों का सुधार भी कराया जा सकेगा एवं कर सम्बंधी सभी समस्याओं का त्वरित निराकरण प्राप्त किया जा सकेगा. उल्लेखनीय है कि वर्तमान में स्वयं के निवास का संपत्तिकर जमा करने पर 50 प्रतिशत की विशेष छूट दी जा रही है, जो समय सीमा समाप्त होने पर बंद हो सकती है. वित्तीय वर्ष 2025-26 समाप्ति के करीब है. नगर निगम द्वारा अपील की गई है कि सभी करदाता अपने बकाया करों का भुगतान शीघ्र करें और कार्यवाही से बचे.

# घर के बाहर रखा टेंट का सामान चोरों ने किया पार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 24 फरवरी, बैकुण्ठपुर थाना अन्तर्गत बाहर रखा टेंट का सामान चोरो ने पार कर दिया. शिकायत पर पुलिस जांच कर रही है.**

बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुहीया में टेंट की दुकान संचालित करने वाले पीड़ित के घर के बाहर रखा टेंट का सामान अज्ञात आरोपी चोरी कर फरार हो गए पीड़ित द्वारा घटना की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है. घटना के संबंध में पीड़ित मोहम्मद असगर अली निवासी ग्राम गुहीया ने जानकारी देते हुए बताया कि वह टेंट की दुकान संचालित करता है. पीड़ित के मुताबिक बीती रात्रि उसने टेंट का सामान घर के बाहर रख दिया था और सो गया था. सुबह जब उसकी नींद खुली तो उसने पाया कि घर के बाहर रखा हुआ सारा सामान अज्ञात चोरों ने पर कर दिया है. पीड़ित ने बताया कि उसका घर मुख्य मार्ग के किनारे है और अज्ञात आरोपियों ने इसी का फायदा उठाकर घर के बाहर रखा टेंट का सामान पार कर दिया है पीड़ित ने घटना की शिकायत थाने में दर्ज करा दी है. पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी देख रही है.